भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4065

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग

4065. श्री भजन लाल जाटव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिनान से महुआ राष्ट्रीय राजमार्ग तथा भरतपुर-धौलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग चार लेन नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन बनाने का है और यदि हां, तो इसे कब तक बनाए जाने की संभावना है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या राज्य राजमार्ग महुआ वाया हिंडौन-कैलादेवी को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में स्तरोन्नयन करने की लगातार मांग की जाती रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का विचार उक्त राज्य राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में स्तरोन्नयन करने तथा चार लेन राजमार्ग बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राजस्थान राज्य में राजगढ़-पिनान-महुआ को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) एनएच-921 को दो लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) मानकों के अनुसार विकसित किया गया है। सरकार ने एनएच-921 को चार लेन का बनाने के लिए परामर्शी सेवाओं के माध्यम से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। एनएच-123 के भरतपुर से धौलपुर खंड को पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों के अनुसार विकसित किया गया है। वर्तमान में, एनएच-123 के इस खंड को चार लेन का बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ) सरकार को राजस्थान राज्य सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से राज्यीय राजमार्गों (एसएच) सहित राज्यीय सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित/ स्तरोन्नयन करने के प्रस्ताव मिलते रहते हैं। सरकार संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर समय-समय पर राज्यीय राजमार्गों सहित कुछ राज्यीय सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने पर विचार करती है।

****